हादसा — मरम्मत कराकर गांव लौट रहे थे युवक, भैंसवाही के पास हुआ हादसा, एक अन्य घायल

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत





**बीजाडांडी, नवभारत।** जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलटने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबने से 23 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका एक अन्य साथी घायल हुआ है।

जानकारी अनुसार देवी सिंह मरकाम (23 वर्ष), निवासी चौरई जमठार, अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर सुधरवाने के लिए बीजाडांडी आया था। ट्रैक्टर की मरम्मत कराने के बाद सभी वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे भैंसवाही गांव के पास पहुँचे, तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि चालक देवी सिंह ट्रैक्टर के भारी हिस्से के नीचे पूरी तरह दब गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### एक हुआ घायल, दूसरा सुरक्षित

हादसे के समय ट्रैक्टर पर सवार गणेश प्रसाद आर्मो के आंख के पास गंभीर चोट आई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल पोंडी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। वहीं, ट्रैक्टर पर सवार तीसरा युवक रविन्द्र इस हादसे में पूरी तरह सुरक्षित बताया गया है।

### पुलिस कर रही जांच

बीजाडांडी थाना प्रभारी अनिता कुडापे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीजाडांडी स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है। युवक की अकाल मृत्यु से चौरई जमठार गांव में मातम पसरा हुआ है।



# जबलपुर से रायपुर जा रहा वाहन बना आग का गोला

वेल्डिंग की चिंगारी से भड़की आग, केबिन राख, औरई के पास मैकेनिक की दुकान पर हुआ हादसा

**भुआबिछिया, नवभारत।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच नेशनल हाईवे-30 पर एक बड़ा हादसा सामने आया है। मंगलवार को रायपुर-मंडला-जबलपुर मार्ग पर स्थित औरई ग्राम के पास चिकलहा नाला के समीप एक ट्रक में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रक आग का गोला बन गया और उसका केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया।



जानकारी अनुसार ट्रक जबलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था। औरई के पास ट्रक में कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण चालक ने उसे एक बैल्डिंग दुकान पर रोका। जब मैकेनिक ट्रक में बैल्डिंग का कार्य कर रहा था, इसी दौरान मशीन से निकली एक चिंगारी इंजन के पास रिसे हुए ऑयल पर जा गिरी। तेल ने तुरंत आग पकड़ ली और भीषण गर्मी के कारण लपटें पल भर में पूरे केबिन में फैल गईं।

### पंप से आग बुझाने का प्रयास, मची अफरा-तफरी

आग लगते ही मौके पर हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों और दुकानदारों ने तुरंत मोटर पंप लगाकर पानी की बौछारें शुरू कीं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई, लेकिन जब तक दमकल अमला मौके पर पहुँचता, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। ट्रक का अगला हिस्सा और केबिन पूरी तरह जल चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गनीमत रही कि आग फैलते ही चालक और मैकेनिक समय रहते वाहन से दूर हट गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। बढ़ते तापमान के कारण इन दिनों हाईवे पर चलने वाले वाहनों में घर्षण और हीटिंग की वजह से आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई और मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई :नारायणगंज से आ रही थी शराब की खेप, शराब ठेकेदार फरार

# बोलेरो से ले जाई जा रही 67 लीटर अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**मंडला।** मंडला पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक सफेद रंग की बोलेरो से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है और दो आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया है।



जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बोलेरो वाहन में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फुल सागर क्षेत्र स्थित वेल वेदर स्कूल के पास नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध बोलेरो क्रमांक एमपी 20 सीए 6089 को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो पुलिस के होश उड़ गए। वाहन के भीतर 67 लीटर देशी और अंग्रेजी शराब अवैध रूप से रखी हुई थी।

### घेराबंदी में फंसे आरोपी, ठेकेदार की तलाश जारी

पुलिस ने मौके से दो आरोपियों, सतीश रजक (25 वर्ष, निवासी ठरका) और अरविंद बरमैया (18 वर्ष, निवासी धारगांव) को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक विधि विरुद्ध बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे यह शराब नारायणगंज स्थित दुकान से ठेकेदार अनुराग अवधिया के पास से लेकर आ रहे थे। पुलिस ने ठेकेदार अनुराग अवधिया को भी मामले में आरोपी बनाया है, जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

### पौने पांच लाख का मशरूका जब्त

पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत 73 हजार 200 रूपए आंकी गई है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन की कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। पुलिस ने कुल ?4,73,200/- का मशरूका जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

इस सफल कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, सउनि भुमेश्वर वामनकर, आरक्षक प्रियांश, रमेश, मृदुल, जगदीश और धीरेंद्र का विशेष योगदान रहा। एसपी राजेश रघुवंशी ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# नैनपुर के भरवेली में आधी रात को घर में लगाई आग

पीड़ित का आरोप, कुछ लोगों ने साजिश के तहत घर को फूंका

**नैनपुर।** जिले के नैनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम भरवेली में सोमवार की आधी रात को एक घर में आग लगने से हड़कंप मच गया।

घर के पास बनी कच्ची झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी, जिससे परिवार और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुँचकर जनसुनवाई में सुरक्षा की मांग करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।



### देर रात फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

जानकारी अनुसार भरवेली निवासी संजय तिवारी के घर के पास बनी झोपड़ी में 11 मई की रात करीब 11:55 बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर में मौजूद लोग घबराकर बाहर निकल आए। तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### जनसुनवाई में पहुंचा पीड़ित

इस आगजनी को लेकर पीड़ित संजय तिवारी ने जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है। संजय का आरोप है कि यह आग शॉर्ट सर्किट या प्राकृतिक नहीं है, बल्कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर उनके घर में आग लगाई है। संजय ने बताया कि घटना के समय वह अपनी पत्नी के साथ घर पर ही मौजूद था।

**पीड़ित ने की जान माल की सुरक्षा की मांग**

पीड़ित परिवार का कहना है कि इस घटना के बाद से वे गहरे सदमे और भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है कि आग लगने की वास्तविक वजह क्या थी।

# हालोन ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना को सफल बनाने की कवायद

बिछिया में सरपंच-सचिवों को मिला रिकॉर्ड कीपिंग और लेखा संधारण का प्रशिक्षण

**भुआबिछिया।** मध्य प्रदेश जल निगम और परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंडला के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद पंचायत बिछिया में एक दिवसीय दस्तावेज एवं लेखा प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। हालोन ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्यों ने सहभागिता की।




कार्यशाला का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती सरिता, प्रबंधक जनसहभागिता श्रीमती सुशीला मरावी एवं अनीता तिवारी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सुशीला मरावी ने प्रतिभागियों को योजना के दीर्घकालिक संचालन के लिए लेखा संधारण के महत्व को समझाया। उन्होंने विशेष रूप से ओएचटी एग्रीमेंट (जल टंकी अनुबंध) की प्रक्रिया पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पेयजल का ट्रायल रन शुरू होना है, वहाँ अनुबंध की कार्यवाही तत्काल पूर्ण की जाए।

### डिजिटल माध्यम से दी गई रिकॉर्ड कीपिंग की ट्रेनिंग

प्रशिक्षण के दौरान आईएसए श्री जैन विद्यासागर एजुकेशनल समिति के परियोजना प्रबंधक रामललन विश्वकर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समिति सदस्यों को सात प्रकार के आवश्यक रिकॉर्ड्स और उनके संधारण की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को लेखा प्रशिक्षण से संबंधित फोल्डर भी वितरित किए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में सरपंच-सचिवों के अलावा पीआईयू मंडला से अनीता तिवारी आईएसए टीम से कंप्यूटर ऑपरेटर खुशाल पटेल, परियोजना समन्वयक रंजीत झारिया एवं कम्युनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भी योजना के क्रियान्वयन को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की निगरानी और समिति को तकनीकी व प्रशासनिक रूप से सक्षम बनाना रहा।


# तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए सीबी पटेल

सरदार पटेल मंगल भवन में संपन्न हुआ त्रैवार्षिक निर्वाचन

**मंडला।** मंडला जिला कुर्मी समाज विकास संगठन के त्रैवर्षिक चुनाव बिंझिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मंगल भवन में संपन्न हुए। समाज के प्रबुद्धजनों और मातृशक्ति की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध और सर्वसम्मति से पूरी की गई, जिसमें एडवोकेट सी.बी. पटेल को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है।



बताया गया कि निर्वाचन अधिकारी राम भजन पटेल, कुंज बिहारी पटेल, कैलाश पटेल सहित अन्य सहयोगियों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में वसंत पटेल, सुरेंद्र पटेल, सुरेश चौधरी और गणेश पटेल को चुना गया है। सचिव की जिम्मेदारी निर्मल पटेल को दी गई है, जबकि चंदन पटेल को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में प्रियदर्शन पटेल को पुनः सेवा का अवसर मिला है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुंदन पटेल, संदीप सिंगौर और अरविंद पटेल को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के दौरान केसरी पटेल, अमरसिंह चंदेला, कुंजबिहारी पटेल और अमूल पटेल जैसे प्रबुद्ध वक्ताओं ने समाज को संबोधित किया। वक्ताओं ने सामाजिक विकास, कुरीतियों के त्याग, महिला सशक्तिकरण और बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने समाज में नवीन चेतना लाने और संस्कारों को जीवंत रखने का आह्वान किया। पुनः अध्यक्ष चुने जाने के बाद अपने उद्बोधन में एडवोकेट सीबी पटेल ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा, हमारा निरंतर प्रयास होगा कि सामाजिक संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाए। बम्हनी बंजर, ककैया, अंजनिया, पिंडरई और मंडला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक बंधुओं ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि नई टीम समाज को संगठित करने में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी।



# जवानों ने सीखे योग के गुर


**मंडला।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंडला स्थित 148वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय में उत्साह के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला आयुष कार्यालय मंडला के विशेष सहयोग से आयोजित यह चार दिवसीय योग शिविर, योग दिवस के 50 दिवसीय काउंटडाउन अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम की शुरुआत योग के सामान्य प्रोटोकॉल के तहत सूक्ष्म व्यायामों से हुई, ताकि शरीर को लचीला बनाया जा सके। इसके बाद आयुष विभाग के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जवानों ने खड़े होकर किए जाने वाले प्रमुख आसन जैसे ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, पाद हस्तासन और पार्श्व उत्तानासन का अभ्यास किया। शारीरिक क्षमता और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के लिए लेटकर किए जाने वाले आसनों में धनुरासन, शलभासन, नौकासन और सर्वांगासन का प्रदर्शन किया गया।

वारदात — नाबालिग सहित 6 आरोपी सलाखों के पीछे, कार के पीछे सिगरेट पीने से शुरू हुआ था विवाद

# भोजन करते समय घर में घुसकर तांडव मचाने वाले सभी हमलावर गिरफ्तार

**मंडला।** जिला मुख्यालय के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड डिंडोरी नाका क्षेत्र में विगत दिवस एक परिवार पर जानलेवा हमला करने वाले सभी बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर मुख्य आरोपियों सहित एक नाबालिग को भी अभिरक्षा में लिया है। इस हमले में महिलाओं सहित छह लोग घायल हुए थे, जिनका उपचार जारी है।





बताया गया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत बेहद मामूली बात से हुई थी। पीड़ित मनोज कछवाहा के घर पर उनके रिश्तेदार और परिजन रात्रि भोज के लिए एकत्र हुए थे। इसी दौरान घर के सामने खड़ी कार के पीछे कुछ युवक खड़े होकर सिगरेट पी रहे थे। जब परिजनों ने घर के सामने इस तरह खड़े होने और सिगरेट पीने पर आपत्ति जताई, तो युवक विवाद करने लगे। कुछ ही देर बाद इन युवकों ने अपने साथियों को बुलाया और लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से घर पर हमला बोल दिया।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामजद आरोपियों की तलाश शुरू की और घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में अतुल कोटिया, जय गोटिया, मोहित गोटिया, हनी, राज और एक अन्य (नाबालिग) शामिल है।

### सख्त धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर धारा 296 (ए) (अश्लील कार्य/गाली गलौज), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुँचाना), 351 (3) (आपराधिक धमकी) और 3 (5) (समान मंशा से किया गया कृत्य) के तहत कार्रवाई की गई है।

### दहशत फैलाने वालों पर कसी गई नकेल

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शहर में आक्रोश था। आरोपियों ने न केवल मारपीट की थी, बल्कि घर के अंदर दरवाजा बंद कर लेने के बाद भी बाहर से पथराव कर खिड़की-दरवाजे तोड़ दिए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई इस त्वरित गिरफ्तारी से वार्डवासियों ने राहत की सांस ली है। कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर की शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।